कार्यपालिका की विधायी कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : वासुदेव देवनानी

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि कार्यपालिका को विधायिका के प्रति जवाबदेही बनना होगा। पिछले कुछ वर्षों से कार्यपालिका विधायी कार्यों को गम्भीरता से नहीं ले रही है। कार्यपालिका की विधायी कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। देवनानी ने कहा कि विधायकगण द्वारा पूछे जा रहे प्रश्नों, ध्यान आकर्षण और विशेष उल्लेख के प्रस्ताव के जवाब नियत समय सीमा में विधानसभा को आवश्यक रूप से भेजा जाना सभी अधिकारी सुनिश्चित करें।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को विधानसभा में उच्च स्तरीय बैठक ली। इस मौके पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा व वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा मौजूद थे।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने शुक्रवार को यहां विधानसभा में राज्य सरकार के मुख्य सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। बैठक में विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव सहित प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद थे। देवनानी ने कहा कि सोलहवीं विधानसभा के आगामी सत्र के आरम्भ होने से पहले पूर्व सत्र में पूछे गये सभी प्रश्नों, ध्यान आकर्षण और विशेष उल्लेख प्रस्ताव के जवाब आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने 15वीं विधानसभा के 5 हजार से अधिक प्रश्नों के जवाब नहीं प्राप्त होने पर चिंता जाहिर करते हुए, विभागवार समीक्षा की। देवनानी ने अधिक प्रश्नों के बकाया जवाबों वाले आठ विभागों चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खान, नगरीय विकास एवं आवासन, राजस्व, शिक्षा, स्वायत शासन, सार्वजनिक निर्माण विभाग और उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों से रूबरू हुए और उनसे प्रश्नों के जवाब नहीं आने के कारणों की जानकारी ली। चिकित्सा विभाग में 1056 प्रश्नों के जबाब नहीं आने पर नाराजगी जाहिर की। देवनानी ने कहा की विधानसभा की समितियों की कार्रवाई को भी प्रशासनिक अधिकारी गंभीरता से लें ताकि ऑडिट पैराओ पर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध समय पर कार्रवाई हो सके। देवनानी ने कहा कि मुख्य सचिव के प्रयासों से गत चार माहों में 1940 प्रश्नों, 274 ध्यानाकर्षण प्रस्तावों और 85 विशेष उल्लेख प्रस्तावो के जवाब आये हैं। देवनानी ने कहा कि इस तरह कार्य की गम्भीरता को समझते हुए प्रगति की निरन्तरता को बनाये रखे।

देवनानी ने कहा कि प्रदेश के सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियो को विधानसभा कार्यों की गम्भीरता को समझे। उन्होंने कहा कि विधायक जनता के प्रति जवाबदेही होते है। विधानसभा का सदन संचालन महत्वपूर्ण होता है। लोकतंत्र के लिए विधानसभा में विधायक द्वारा पूछे गये प्रश्नों के जवाब यथा समय राज्य सरकार से आना आवश्यक होता है। प्रश्नों के जवाब समय पर आये, इसके लिए अधिकारी जवाबदेही है। इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न होने दें। वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे निरन्तर निगरानी रखे और समय सीमा का पालन करें।

देवनानी ने अधिकारियों से पूछा कि प्रश्नों के जवाब भेजने में क्या कठिनाई है? क्यों प्रश्नों के जवाब लम्बित रहते हैं। किस स्तर पर विधानसभा के कार्यों को गम्भीरता से नहीं लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे पीड़ा है कि प्रश्नों के जवाब निर्धारित समय सीमा में नहीं आ रहे है। देवनानी ने कहा कि प्रत्येक विभाग में विधानसभा प्रकोष्ठ संचालित होने के बावजूद भी प्रश्नों के जवाब नहीं आना दुखद है।

देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार और विधानसभा के कार्यों का उद्देश्य एक ही है। विधायकों द्वारा पूछे जा रहे प्रश्नों के जवाब तय समय सीमा में आये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और विधानसभा के अधिकारी प्रश्नों के जवाब में आ रही कठिनाईयों को मिलकर दूर करें और समय पर प्रश्नों के जवाब आने के कार्यों का निस्तारण करें। देवनानी ने कहा कि राज्य सरकार की कठिनाई हम सभी की कठिनाई है। लेकिन हमें उन कठिनाइयों के हल भी मिलकर निकालने होंगे। देवनानी ने अधिकारियों से अनुरोध किया कि ऐसा कार्य करें कि उन्हें भविष्य में प्रश्नों, ध्यान आकर्षण और विशेष उल्लेख के प्रस्ताव के जवाब के संदर्भ में बैठक बुलानी ना पड़ें।

> ■ 'नया सत्र आरम्भ होने से पहले पुराने सत्र के प्रश्नों, ध्यान आकर्षण और विशेष उल्लेख के प्रस्ताव के जवाब आवश्यक रूप से भेजे'

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव के समय बढाने के आग्रह पर विचार करते हुए देवनानी ने कहा कि 15वीं विधानसभा से संबंधित बकाया प्रश्नों के जवाब 30 सितम्बर तक आवश्यक रूप से विधानसभा को प्रेषित कर दे। साथ 16वीं विधानसभा के प्रश्नों ध्यान आकर्षण और विशेष उल्लेख प्रस्तावों के जवाब नए सत्र के आरंभ होने से पहले भेजा जाना सभी अधिकारी सुनिश्चित कर लें। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बताया कि फरवरी माह से मई माह तक विधानसभा से संबंधित प्रश्नों व अन्य बिन्दुओं के संदर्भ में आठ समीक्षा बैठक विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की है। सोलहवीं विधानसभा के संबंध में 66 प्रतिशत जवाब भेज दिये गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी अथक प्रयासों से विधानसभा से संबंधित कार्यों के निस्तारण की निरन्तरता को भविष्य में भी बनाए रखेंगे। मुख्य सचिव सहित सभी अधिकारियों ने कहा की वे सभी विधायिका का सम्मान करते हैं। सभी ने देवनानी को विश्वास दिलाया कि मन व कर्म से गम्भीरतापूर्वक विधायी कार्यों का निस्तारण करते रहेंगे।

ए.आई.सी.सी. के महासचिव सचिन पायलट से शुक्रवार को नवनिर्वाचित सांसद संजना जाटव व अन्य ने मुलाकात की। इस दौरान पायलट ने कहा कि आप सभी प्रदेश एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को संसद में मजबूती से उठाएंगे। मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

नीट यू.जी.के परीक्षा परिणाम में अनियमितता पर याचिका लगाई

जयपुर, (का.सं.)। एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित नीट यूजी-2024 के परिणाम में अनियमिता को लेकर हाईकोर्ट में याचिका पेश की गई है। हाईकोर्ट की अवकाशकालीन एकलपीठ याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगी। तनूजा यादव की ओर से दायर इस याचिका में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जारी परीक्षा परिणाम को चुनौती दी गई है। याचिका में शिक्षा मंत्रालय, एनटीए और नेशनल मेडिकल कौंसिल सहित अन्य को पक्षकार बनाया गया है।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने बताया कि एनटीए की ओर से गत पांच मई को नीट यूजी परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसका हाल ही में परिणाम जारी किया गया। परीक्षा परिणाम में ऑल इंडिया में पहली रैंक हासिल करने वाले अभ्यर्थियों के रोल नंबर आसपास थे। ये टॉपर्स हरियाणा, गुजरात, यूपी, राजस्थान, दिल्ली और कर्नाटक से जुड़े हुए थे। इसके अलावा इस स्तर की परीक्षा में 720 में से पूरे अंक प्राप्त करना संभव नहीं है। वहीं एक प्रश्न चार अंक का था। ऐसे में अभ्यर्थी के 719 अंक आना संभव नहीं था। इससे जाहिर है कि परीक्षा परिणाम में अनियमितता बरती गई है। याचिका में कहा गया कि गत पांच मई को आयोजित इस परीक्षा में याचिकाकर्ता का परीक्षा केन्द्र विद्याश्रम स्कूल आया था। जहां उसे आधा घंटा देरी से प्रश्न पत्र दिया गया। जिसके चलते उसे सवाल हल करने के लिए कम समय मिला। कई अन्य जगहों पर भी अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र देरी से देने पर उन्हें ग्रेस मार्क्स दिए गए, लेकिन याचिकाकर्ता को यह अंक नहीं मिले। ऐसे में उसे भी ग्रेस मार्क्स दिए जाए।

गोगामेड़ी हत्याकांड प्रकरण में आरोपी को जमानत

जयपुर, (का.सं.)। एनआईए मामलों की विशेष अदालत ने सुखदेव सिंह गोगामेडी की गोली मारकर हत्या करने से जुडे प्रकरण में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे सुमित यादव को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने यह आदेश आरोपी के जमानत प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए दिए।

प्रार्थना पत्र में कहा गया कि उसे 9 दिसंबर, 2023 को हरियाणा की भोंडसी जेल से गिरफ्तार किया गया था। घटना के दौरान न तो वह वहां मौजूद था और ना ही उसकी अपराध में कोई लिप्तता है। इसके अलावा हाल ही में एनआईए की ओर से पेश आरोप पत्र में भी उसके खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं है। प्रकरण में हिरासत में लिए गए अन्य आरोपी के कथनों पर विश्वास कर उसे षडयंत्र में शामिल माना गया है। इसके अलावा प्रकरण की सुनवाई पूरी होने में लंबा समय लगने की संभावना है। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि घटना को लेकर बनी आरोपियों की कडी में इस आरोपी की भी भूमिका मिली है। यदि इसे जमानत दी गई तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है। इसलिए इसके जमानत प्रार्थना पत्र को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जमानत प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

15वीं विधानसभा के 382 सवालों पर नहीं आए जवाब

जयपुर। विधानसभा की सरकारी आश्वासन संबंधि समिति की बैठक आज विधानसभा में आयोजित की गई। समिति के सभापति और भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने सदन में सवालों के जवाब नहीं देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई। गोठवाल ने अधिकारियों को सभी विभागों के लंबित सवालों के जवाब के लिए 3 माह की मोहलत देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ भजनलाल सरकार सख्त हैं। ऐसे में 3 माह के दौरान लंबित सवालों के जवाब नहीं देने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गोठवाल ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में आज आश्वासन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15वीं विधानसभा के सवालों के जवाबों पर चर्चा की गई। इस दौरान 382 सवाल ऐसे पाए गए, जिसमें संबंधित विभाग या अधिकारियों द्वारा जवाब ही नहीं दिया गया। विधानसभा सदस्यों द्वारा जनता से जुड़े सवालों को सदन में उठाया जाता है लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उनके सवालों के जवाब तक नहीं दिया जा रहा। यह स्थिति गंभीर और चिंतनीय है।

> ■ आश्वासन समिति के सभापति जितेंद्र गोठवाल ने अधिकारियों को लगाई फटकार
>
> ■ '3 माह में सभी लंबित सवालों के जवाब नहीं देने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई'

उन्होंने कहा कि प्रदेश की 6 करोड़ जनता के श्रद्धा के केंद्र विधानसभा में विधायकों के सवालों का जवाब नहीं देना सदन की गरिमा के खिलाफ है। अब राजस्थान में राज बदल गया है। राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार जनता से जुड़े हर विषय पर गंभीर है। भजनलाल सरकार में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सदन के लंबित सवालों को जवाब नहीं देने पर समिति की ओर से विधानसभा अध्यक्ष से लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी। समिति की बैठक में सदस्य देवी सिंह शेखावत, गोविंद प्रसाद, अशोक कुमार कोठारी सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

जलदाय विभाग में विधान सभा प्रकरणों का निस्तारण

जयपुर। जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि जलदाय विभाग में वर्षों से लम्बित चले आ रहे विधान सभा प्रश्न, आश्वासन एवं याचिकाओं का शत-प्रतिशत निस्तारण करने पर विधानसभा प्रकोष्ठ के 9 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया है। शासन सचिव ने बताया कि विभाग के विधानसभा प्रकोष्ठ में कार्यरत कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साह वर्धन किया।

'आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पानी, बिजली व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें'

जयपुर,। मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासन सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने बैठक में निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल एवं शौचालयों के निर्माण तथा बिजली के कनेक्शन किया जाने को प्राथमिकता दी जाए।

मुख्य सचिव ने बैठक में निर्देश दिए कि विभाग द्वारा कॉन्फेड से संचालित कार्य को और बेहतर किया जाये एवं इसके विकल्प ढूंढे जाये। उन्होंने विभाग में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषाहार सप्लाई की मात्रा एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। विभागीय योजना के तहत दिए जाने वाले लाभ महिलाओं एवं बच्चों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ दिए जाए।

मुख्य सचिव ने आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत महिला कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन या टेबलेट दिया जाए। जिससे ऑनलइन मॉनिटरिंग की जा सके।

दो वर्ष की शिथिलता दिए जाने की मांग

जयपुर। राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित कर वर्तमान सरकार द्वारा लेखानुदान पारित करवाते समय विधानसभा में वित्त मंत्री दीया कुमारी की ओर से पदोन्नति हेतु अनुभव में 2 वर्ष की शिथिलता दिए जाने की घोषणा के अनुसार आदेश निकाले जाने की मांग की है। इस संबंध में राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पारीक एवं प्रदेश महामंत्री देवेंद्र सिंह नरूका द्वारा संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया।

कांग्रेस नेताओं से हनुमान नाराज, लेकिन एन.डी.ए. के साथ नहीं जाएंगे

जयपुर, (का.प्र.)। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में नागौर से जाने बाद गठबंधन दलों की बैठक में नहीं बुलाने पर आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने नाराजगी जताते हुए कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा है कि फिलहाल कांग्रेस के नेताओं में क्रेडिट लेने की लड़ाई चल रही है। यही वजह है कि उन्हें बैठक में न बुलाकर अपमानित किया गया। इसके अलावा उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि वो किसी भी कीमत पर एनडीए में शामिल नहीं होंगे।

बेनीवाल ने कहा कि जब मतदान का अंतिम चरण चल रहा था, तब भी इंडिया गठबंधन की बैठक हुई थी। उस दौरान भी उन्हें आमंत्रित नहीं किया गया था और अब जब चुनाव के बाद बैठक हुई है, तब भी उन्हें नहीं बुलाया गया। यह उनका अपमान है। बेनीवाल ने कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक में एक सीट जीतने वाले छोटे दलों को भी बुलाया गया था, लेकिन सिर्फ उन्हें नहीं बुलाया गया। हालांकि, उनके विरोध जताने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ऑफिस से फोन आया कि उनसे चूक हो गई। कहीं न कहीं यह चूक तो है, लेकिन यह तरीका सही नहीं है। राजस्थान में वो कांग्रेस को और कांग्रेस ने उन्हें चुनाव जिताया है। ऐसे में वो पूरी तरह से इंडिया गठबंधन के साथ हैं। वहीं, एनडीए में जाने के सवाल पर बेनीवाल ने कहा कि वो किसी भी हालत में एनडीए में नहीं जाएंगे। साथ ही जनता के मुद्दों को सदन से सड़क तक उठाएंगे। इसके अलावा जल्द ही अग्निपथ योजना के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। इस दौरान इशारों-इशारों में प्रदेश कांग्रेस के नेताओं को लेकर कहा कि फिलहाल कांग्रेस के नेताओं के बीच क्रेडिट लेने को लेकर लड़ाई चल रही है। यह बात भी जग जाहिर है कि राज्य के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने हनुमान बेनीवाल की पार्टी के साथ गठबंधन करवाया था। वहीं, हरीश चौधरी, गोविंद सिंह डोटासरा जैसे नेता इसके लिए तैयार नहीं थे, फिर भी गहलोत ने कांग्रेस का आरएलपी के साथ गठबंधन करवाया।

> ■ गठबंधन की बैठक में नहीं बुलाया गया था आर.एल.पी. नेता को
>
> ■ राजस्थान कांग्रेस के नेताओं में क्रेडिट लेने की होड़ मची हैं

हत्या का प्रयास करने वाले युवकों को सजा

जयपुर, (का.सं.)। जिले के अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-3 ने रुपए के लेनदेन के चलते हुई रंजिश के कारण युवक की गला काटकर हत्या करने का प्रयास करने वाले अभियुक्तों पंकज और करण को सात साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर कुल दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक ने बताया कि 13 मार्च, 2016 को जसवंत सिंह ने भांकरोटा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

भरतपुर में संभाग स्तरीय बैठक कल

जयपुर, (का.सं.)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने स्थानीय स्तर पर ही बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण तथा बिजली आपूर्ति की समीक्षा के लिए नई पहल की है। नागर रविवार को प्रात: 11 बजे भरतपुर में विभागीय योजनाओं की संभाग स्तरीय समीक्षा करेंगे। भरतपुर जिले के विधायक भी इस बैठक में मौजूद रहेंगे।

तीये की बैठक

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता हैं कि हमारे पूजनीय पिताजी

पंडित श्री मोहन लाल जी शर्मा

महंत सिद्धिविनायक गणेश मंदिर का देवलोक गमन दिनांक 6 जून 2024 को हो गया है, जिनकी तीये की बैठक दिनांक 8 जून 2024 को सायं 5.30 से 6.30 अरिहंत वाटिका जैन मंदिर के पास में गलता गेट दिल्ली बाईपास रखी गई है।

शोकाकुल- प्रभादेवी (पत्नी) स्व. नरेश, नलिन (पुत्र), बाबूलाल शर्मा (भाई), हरिकिशन, दिनेश, रमेश, नेमचंद, महेश, रामप्रकाश, राधेश्याम, मुकेश, कुलदीप, अजय, हिमांशु, मनीष (भतीजे), राजू, रवि, उमाकांत, रमाकांत, अवधेश, भारत, अश्वनी, प्रणव, प्रांशुल (पौत्र), राघव (दोहिता), अंश (पड़पौत्र), मीनाक्षी-शिवरतन (पुत्री-दामाद), सुरेन्द्र (भांजा), विद्यादेवी (बहन), राधा देवी-राजेन्द्र जोशी (बहन-बहनोई) एवं समस्त गलता वाला परिवार।

मो. 9414059109, 9828246704

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

तेज अंधड़ के बाद जयपुर में हल्की बारिश

मौसम विभाग की मानें तो 25 जून के आस-पास मानसून राजस्थान पहुंचेगा

जयपुर । राजधानी जयपुर में प्री-मानसून की बारिश से पहले तेज अंधड़ और हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे तेज आंधी से शहर के आसमां में धूल का गुब्बार छा गया। इसके बाद करीब 15-20 मिनट हल्की बारिश भी हुई। मौसम में आए इस बदलाव के कारण गर्मी से मामूली राहत मिली, लेकिन देर शाम बाद उमस बढ़ रही।

दरअसल गुरूवार देर रात भी शहर में तेज धूलभरी आंधी चली थी। मौसम विभाग की मानें तो 25 जून के आस-पास मानसून राजस्थान में आगाज करेगा। इससे पूर्व प्री-मानसून भी अपनी दस्तक दे रहा है। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, संभावना है कि 8-9 जून को राजस्थान के 6 संभाग में हल्की बारिश होगी। ये संभाग बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर, कोटा हैं। इन संभाग में करीब 31 जिले आते हैं। इसके साथ ही कुछ जिलों में मेघगर्जन के साथ आंधी चलेगी। मौसम केंद्र जयपुर ने अपडेट दिया है कि 10 जून को राजस्थान के कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ जिलों में आंधी-बारिश की संभावना है।

> ■ संभावना है कि 8-9 जून को बीकानेर, जोधपुर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर और कोटा संभाग में हल्की बारिश होगी

जयपुर परकोटे में शुक्रवार को तेज गर्मी के बाद शाम को बारिश आने से मौसम खुशगवार हो गया।

मौसम विभाग ने 7 जून को अलर्ट जारी करते हुए कहा था कि "आज एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर संभाग के कुछ भागों में दोपहर बाद तीव्र मेघगर्जन के साथ बारिश होगी। साथ ही तीव्र गति से हवाएं चलेंगी। इन हवाओं की गति 50-60 किमी. प्रति घंटा रहने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान में तेज अंधड़ के साथ कहीं-कहीं बारिश वज्रपात व ओलावृष्टि की संभावना है।"

उत्तर पश्चिम रेलवे

शुद्धि-पत्र-3

इस कार्यालय द्वारा ज्ञापित खुली निविदा सूचना संख्याः जीएसयू/सीपीएम/जेपी/निविदा/ 23-24 दिनांक 29.04.2024 में निविदा सं. गति- शक्ति/इन्जी./जय/2024-25/01 जो दिनांक 21.06.2024 को खोली जानी थी। उक्त निविदा अब दिनांक 03.07.2024 को खोली जावेगी। यह अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

उप. मुख्य इंजी. (जी.एस.यु.)
664-PS/24 जयपुर

खोया पाया

मेरे आवास संख्या 3/घ/15 जवाहर नगर, जयपुर का आवंटन पत्र, संशोधित आवंटन पत्र, कब्जा पत्र एवं भौतिक कब्जे का डिक्लरेशन पत्र कहीं खो गया हैं। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो. 9314906685

जयपुर विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना रामनगरिया विस्तार, जगतपुरा, जयपुर के प्लाट नम्बर बी-300 का जेडीए पट्टे के साथ जारी मूल साईट प्लान कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सूचित करें। प्रियंका मीणा-मोबाईल नम्बर-8947815541

नाम परिवर्तन

मेरे आर्मी रिकॉर्ड नंबर 3200310X HAV दिनेश कुमार सोहू निवासी ग्राम राजीव नागर पोस्ट उदावास तह-झुंझुनू, जिला झुंझुनू (राजस्थान) में मेरे पिता का नाम अमरचंद सोहू दर्ज है, जो गलत है, मेरे पिता का सही नाम अमरचंद है (जन्मतिथि 01.01.1958) ताकि भविष्य में इस नाम से जाना जावें।

I have change my name from Mukesh Kumar Meena to Mukesh Meena S/o Shri Faili Ram Meena R/o 21, Shakti Sarovar, T-Block, Narayan Vihar, Mansarovar, Jaipur (Raj.) In future I know and recognized by my new name.

कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक-एफ.55(वि.जोन/न.नि.जा(ग्रे)/2024/292

सार्वजनिक सूचना दिनांक- 16.05.2024

भूखण्ड सं. 24 शिल्प कॉलोनी, झोटवाडा, जयपुर (संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री शिव शंकर मिश्रा पुत्र स्व. श्री राम शंकर मिश्रा के पक्ष में क्षेत्रफल 242.77 वर्गगज का भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। मूल आवंटी की मृत्यु उपरान्त पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर श्री राज कुमार मिश्रा पुत्र श्री शिव शंकर मिश्रा ने भूखण्ड सं. 24, शिल्प कॉलोनी, झोटवाडा, जयपुर (संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति) का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्त के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाध्यगण श्री श्रीधर सिंह पुत्र श्री भागीरथ सिंह एवं श्रीमती रचना दूदवाल पत्नी श्री श्रीधर सिंह, निवासीया 303, शुभम अपार्टमेन्ट-2, सेन्ट्रल स्पाईन, विद्याधर नगर, जयपुर के पुत्र हर्षित दूदवाल उनके कहे में नही है एवं उनकी बात नही मानता है। मेरे अभिभाध्यगण के साथ दुव्यर्वहार करता है इसलिये मेरे अभिभाध्यगण अपने पुत्र हर्षित दूदवाल से काफी दुखी है, उन्होने अपने पुत्र हर्षित दूदवाल को अपनी जाति जिन्दगी एवं चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है एवं उससे अपने समस्त सम्बन्ध समाप्त कर लिये है। भविष्य मे कोई व्यक्ति हर्षित दूदवाल से कोई लेनदेन या संव्यवहार करेगा तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाध्यगण की कोई जिम्मेदारी नही होगी तथा मेरे अभिभाध्यगण के पुत्र हर्षित दूदवाल पर किसी गये किसी मुकदमें या पुलिस केस से मेरे अभिभाध्यगण का कोई लेनदेन नहीं होगा। सूचित रहे।
(श्याम कुमार पारीक) एडवोकेट, मो.-9828283801

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 4645/24
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम अखिल वर्मा पुत्र स्व. परमानन्द वर्मा जाति वर्मा विवाद स्थान निवासी प्लाट नं. 32 शिव कॉलोनी, किसान मार्ग, बरकत नगर, टोंक फाटक जयपुर
मृतक श्रीमती किरण टेलर की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 13.08.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्रीमती किरण टेलर पुत्री परमानन्द टेलर जाति टेलर निवासी 32, शिव कॉलोनी, बरकत नगर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 13 माह 08 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 01 माह 06 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
प्रार्थी ने मृतक किरण टेलर के नाम पीपीएफ खाते की राशि बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।
आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-प्रथम
मोहर अदालत

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)
क्रमांक- 6462-74 दिनांक- 06.06.2024

निलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस थाना मलारना डूंगर के द्वारा 38 पुलिस एक्ट में जब्त एवं राजसात किये गये दोपहिया वाहनों को वाहन स्वामी द्वारा निर्धारित अवधि में मुक्त नहीं कराने के कारण उक्त वाहनों को जहां जिस स्थिति में है दिनांक 20.06.2024 को प्रातः 12.00 बजे गठित समिति द्वारा पुलिस थाना मलारना डूंगर के परिसर में नीलाम किया जावेगा। ईच्छुक खरीददार/बोलीदाता को जरिये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। नीलामी की शर्ते विभागीय वेबसाईट या किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक
जिला सवाई माधोपुर